फर्द अहकाम

कार्यालय सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक) गिर्वा, उदयपुर

प्रार्थीः— अशोक विपक्षीः— हंसराज

किस्म मुकदमाः—वाद पत्रावली संख्याः—248 / 19 सनः— 2019

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	09.01.2020 पत्रावली पेश हुई। वादी अधिवक्ता उपस्थित। प्रकरण **में** दिनांक 27.08.2018 को जारी प्रारम्भिक डिक्री की पालना में दिनांक 30.10.19 को तहसीलदार गिर्वा की रिपोर्ट प्राप्त हुई। तहसीलदार गिर्वा की रिपोर्ट पर वादी अधिवक्ता को आज दिनांक 9.01.2020 को सुना गया। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजों एवं तहसीलदार रिपोर्ट का पुनः अवलोकन किया गया। तहसीलदार रिपोर्ट में यह अंकित किया है कि मौजा आयड पटवार मण्डल मादडी पुरोहितान की वादग्रस्त आ0न0 868 रकबा 0.3600 हेक्टेयर भूमि किस्म आवासीय आबादी होकर नगर विकास प्रन्यास उदयपुर के नाम दर्ज हो चुकी है। रिपोर्ट के साथ संलग्न नकल जमाबन्दी ग्राम आयड संवत 2070—73 खाता संख्या नई 686 को देखने पर भी यही जाहिर आया कि उक्त आ0न0 868 रकबा 0.3600 हेक्टेयर भूमि किस्म आवासीय आबादी होकर नगर विकास प्रन्यास उदयपुर के नाम दर्ज रिकोर्ड है। वादी अधिवक्ता द्वारा तहसीलदार रिपोर्ट पर अपनी बहस में यह कथन किया कि भूमि की किस्म वाद पेश होने के समय आबादी नही थी अतः तदनुसार बंटवाडा रिपोर्ट हेतु पुनः तहसीलदार गिर्वा को लिखा जावे। न्यायालय द्वारा बहस पर मनन किया गया। न्यायालय का निष्कर्ष है कि वादी द्वारा वाद बंटवाडे का पेश किया गया है। उक्त भुमि आवासीय आबादी होकर नगर विकास प्रन्यास उदयपुर के नाम दर्ज हो चुकी है एवं भुमि आवासीय हो जाने से नगर विकास प्रन्यास उदयपुर से वादी उक्त वादग्रस्त भुमि का पट्टा प्राप्त कर सकता है। जिससे अब विभाजन किये जाने की आवश्यकता प्रतित नहीं है। वर्तमान में वादग्रस्त भूमि की किस्म आवासीय आबादी होकर नगर विकास प्रन्यास उदयपुर के नाम दर्ज होने से, उक्त प्रकरण अब न्यायालय हाजा के वाद श्रवण क्षेत्राधिकार में नहीं रहा है। अतः तहसीलदार गिर्वा की रिपोर्ट अनुसार भूमि वर्तमान में आवासीय आबादी की होकर न्यायालय हाजा के श्रवण क्षेत्राधिकार में नही होने से वादी का वाद क्षेत्राधिकार के अभाव में इसी स्टेज पर खारिज किया जाता है। पर्चा डिक्री जारी हो। प्रकरण फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। निर्णय सरे इजलास सुनाया गया। डॉ. मंजु (आई.ए.एस.) **सहायक कलक्टर (फा.ट्रे.)** **गिर्वा— उदयपुर**	

Signature Not Verified
Digitally signed by Manju
Date: 2020.01.20 13:17:47 IST
Reason: SelfAttested